Press Release

राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार – बेंगलुरु में महिला महा जनसुनवाई का आयोजन

राष्ट्रीय महिला आयोग देश की प्रत्येक महिला के सशक्तिकरण एवं उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। महिलाओं से संबंधित मुद्दों को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से संबोधित करने के उद्देश्य से आयोग "राष्ट्रीय महिला आयोग – आपके द्वार" के अंतर्गत महिला महा जनसुनवाई का आयोजन कर रहा है। इस जनसुनवाई का उद्देश्य महिलाओं से जुड़े लंबित मामलों का समाधान करना तथा अधिकतम समस्याओं का त्वरित निवारण सुनिश्चित करना है।

यह महिला जनसुनवाई 13 अक्टूबर, 2025 को दोपहर 12:00 बजे से ***संभ्रम*** **सभांगण, सुधारात्मक संस्थान परिसर, डॉ. एम. एच.** ***मैरीगौड़ा*** **रोड, बेंगलुरु** में आयोजित की जाएगी।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय महिला आयोग की माननीय अध्यक्षा श्रीमती विजया रहाटकर उपस्थित रहेंगी। इस अवसर पर जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी भाग लेंगे, जिससे महिलाओं से संबंधित मामलों का त्वरित एवं संवेदनशील समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

माननीय अध्यक्षा श्रीमती विजया रहाटकर 12 से 14 अक्टूबर, 2025 तक बेंगलुरु प्रवास पर रहेंगी। इस दौरान वे ज़िले के वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठकें करेंगी तथा राज्य के मुख्य सचिव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से भी मुलाकात करेंगी।

महिलाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा YASHODA AI कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से देशभर की महिलाओं को आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस का प्रशिक्षण दिया जाता है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत बेंगलुरु में महिलाओं के लिए एक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, आयोग द्वारा युवाओं में जागरूकता बढ़ाने के लिए "कैम्पस कॉलिंग" कार्यक्रम का आयोजन भी बेंगलुरु में किया जाएगा। अपने प्रवास के दौरान माननीय अध्यक्षा सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों से भी संवाद करेंगी।

राष्ट्रीय महिला आयोग की माननीय अध्यक्षा बेंगलुरु में रेलवे सुरक्षा बल (RPF) कर्मियों के साथ आयोजित “मानव तस्करी के विरुद्ध कार्यक्रम” में भी सहभागी होंगी। यह कार्यक्रम मानव तस्करी जैसे संवेदनशील और गंभीर सामाजिक अपराध के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

राष्ट्रीय महिला आयोग बेंगलुरु एवं आसपास के क्षेत्रों की सभी महिलाओं से आग्रह करता है कि यदि वे किसी भी प्रकार की समस्या से पीड़ित हैं, तो वे इस जनसुनवाई में भाग लेकर अपनी समस्या सीधे आयोग के समक्ष प्रस्तुत करें। आयोग का उद्देश्य है कि हर महिला को त्वरित और न्यायपूर्ण समाधान प्राप्त हो।

जनसुनवाई से संबंधित किसी भी जानकारी हेतु 7011972862 पर संपर्क किया जा सकता है।

शिवम गर्ग

मीडिया सलाहकार, राष्ट्रीय महिला आयोग

Email: shivamgarg.ncw@nic.in